# पाठ 9

# द्वार–द्वार चमकी दीवाली

**आइए सीखें –**

- लय ताल के साथ कविता पढ़ना। ● कविता का भाव समझना। ● त्योहार के बारे में जानना। युग्म शब्दों को पहचानना।


जगमग–जगमग दिये जल उठे,
द्वार–द्वार चमकी दीवाली।
खील–बतासे बाँट रही है,
अम्मा सबको भर–भर थाली।

झूम–झूम कर हँसते गाते,
दौड़–दौड़ कर दीप जलाते।
भर–भर कर फुलझड़ी खिलौनें,
बच्चे बाजारों से लाते।
अन्नू , बन्नू, सीता, गीता,
नाच रहे दे–देकर ताली।
द्वार–द्वार चमकी दीवाली।



गली–गली में चहल–पहल है,
मचा हुआ है धूम–धड़ाका।
लिए मिठाई कोई आता,
कोई लाता बम फटाका।
ऐसी सजी दीप मालाएँ,
जैसे हों फूलों की डाली,
द्वार–द्वार चमकी दीवाली।

**शिक्षण संकेत–** ● कविता–पाठ के बाद, बच्चों से दीवाली क्यों मनाते हैं? कैसे मनाते हैं? समूह में चर्चा करवाएँ।



## शब्दार्थ

द्वार – दरवाजा, चहल पहल– धूमधाम, रौनक,




## बोध प्रश्न

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

(क) अम्मा दीवाली पर क्या बाँट रही हैं?

(ख) बच्चे दीवाली पर बाजार से क्या–क्या चीजें खरीदते हैं?

(ग) दीवाली का त्योहार कैसे मनाया जाता है?

(घ) आपको दीपावली का त्योहार क्यों अच्छा लगता है?

**2. निम्नलिखित प्रश्नों में तीन सही तथा एक गलत उत्तर है उसे चुनिए–**

1. दीवाली के त्योहार में–

(क) खील बताशे बाँटते हैं। (ख) दिये जलाते हैं।

(ग) एक दूसरे पर रंग डालते हैं। (घ) पटाखे फोड़ते है।

2. हम दीवाली ऐसे मनाते हैं–

(क) घरों में साफ–सफाई करते हैं। (ख) मिठाई खाते हैं।

(ग) दीपक जलाते हैं। (घ) कूड़ा–कचरा फैलाते हैं।

3. दीवाली पर पटाखे फोड़ते समय क्या करेंगे?

(क) अकेले में पटाखे नहीं फोड़ेंगे।

(ख) लापरवाही से पटाखे फोड़ेंगे।

(ग) बम पटाखे घर के अन्दर नहीं फोड़ेंगे।

(घ) अनारदाना हाथ में लेकर नहीं चलाएँगे।

3. **सही जोड़ी बनाइए**

| क | ख |
|---|---|
| धूम | पटाखा |
| खील | धड़ाका |
| बम | पहल |
| चहल | बताशा |

4. **रिक्त स्थान में सही शब्द लिखिए–**

(क) दीवाली पर दीपक ................ हैं (चलाते/जलाते)

(ख) अम्मा बच्चों को खील बताशे .................... रही है (फेंक/बाँट)

(ग) बच्चे ................ दे–देकर नाच रहे हैं (बाली/ताली)

(घ) दीवाली पर खूब ............ धड़ाका होता है (धूम/धूल)

(ङ.) दीवाली पर पटाखे .................... हैं (तोड़ते/फोड़ते)

5. **कविता की वह पंक्तियाँ लिखिए जिनका अर्थ नीचे दिया गया है–**

(क) हर गली में चहल–पहल है।

______________________________________________

(ख) बच्चे बाजार से फुलझड़ी व खिलौने, भर–भर कर ला रहे हैं।

______________________________________________

(ग) दीपावली पर घर–घर दीपक जगमगाने लगे हैं।

______________________________________________

(घ) दीपकों की कतार ऐसी है, मानों डाली पर फूल खिले हैं।

______________________________________________

## भाषा अध्ययन

1. **निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध उच्चारण कीजिए–**

फुलझड़ी, पटाखा, द्वार, दौड़, त्योहार, सुरक्षा

2. जगमग–जगमग और द्वार–द्वार के समान पाठ में दो बार आए अन्य शब्द छाँटिए और लिखिए–

————————————————————————————————————

————————————————————————————————————

————————————————————————————————————

3. निम्नलिखित वर्ग पहेली में त्योहारों के नाम छिपे हैं। आप खोजकर लिखिए–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| हो | क | र | द | बै |
| ली | क्रि | क्षा | श | सा |
| लो | स | ब | ह | खी |
| ह | म | न्ध | रा | ई |
| ड़ी | स | न | ग | द |
| दी | पा | व | ली | र |

1. ——————————————— 2. ———————————————

3. ——————————————— 4. ———————————————

5. ——————————————— 6. ———————————————

4. निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही ( ✓ ) या गलत (X) का चिह्न लगाइये–

(क) बड़ों की देख–रेख में पटाखे फोड़ने चाहिए।

(ख) बहुत छोटे बच्चों को भी पटाखे फोड़ने के लिए देना चाहिए।

(ग) बीच रास्ते में रखकर पटाखे नहीं फोड़ना चाहिए।

(घ) बोतल में या अन्य किसी बर्तन में रखकर पटाखे फोड़ना चाहिए।

(ङ) पटाखे फोड़ने के बाद बिना हाथ धोए खाना खा लेना चहिए।

### योग्यता विस्तार –

- दीपावली पर दस पंक्तियों में एक निबन्ध लिखिए।
- दीपावली पर कोई अन्य कविता यादकर सुनाइए।
- दीपावली के अवसर पर काम आने वाली वस्तुओं की सूची बनाइए।